Title :  Regarding establishment of world class Skill University in Delhi-laid

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी **(**दक्षिण दिल्ली**) :** दक्षिण दिल्ली के जौनापुर गांव में सिंगापुर के साथ मिलकर वर्ल्ड क्लास स्किल यूनिवर्सिटी खोलने का प्रस्ताव सरकार ने 2 जुलाई 2012 को पास किया था । इसके लिए ग्रामसभा की 37.11 एकड़ जमीन भी अलॉट कर दी गई । इस जमीन के लिए सरकार ने 31 करोड़ रुपए का भुगतान ग्रामसभा जौनापुर को कर दिया था । डीडीए ने स्किल यूनिवर्सिटी बनाने के लिए 24 दिसम्बर, 2014 को इस जमीन का लैंड यूज भी चेंज कर दिया । भारत और सिंगापुर के माननीय प्रधानमंत्रियों ने इस संबंध में 11 जुलाई 2012 को एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे । 2017 में सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए 254 करोड़ रुपए भी स्वीकृत कर दिए थे । हैरानी की बात यह है कि उसके बावजूद अभी तक यह प्रोजेक्ट जस का तस अटका हुआ है । अतः केंद्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि स्किल यूनिवर्सिटी के रुके हुए प्रोजेक्ट को जल्दी से जल्दी शुरू करवाने की कृपा करें ।